राजस्थान डोमेस्टकि ट्रैवल मार्ट- 2022

चर्चा में क्यों?

22 जुलाई, 2022 को राजस्थान के कला एवं संस्कृति मंत्री डॉ. बी.डी. कल्ला ने होटल क्लार्क्स, आमेर में राजस्थान डोमेस्टकि ट्रैवल मार्ट (आरडीटीएम) 2022 के दूसरे संस्करण का उद्घाटन किया।

प्रमुख बिंदु

- आरडीटीएम का आयोजन फेडरेशन ऑफ हॉस्पिटैलिटी एंड टूरिज्म इन राजस्थान (एफएचटीआर) और राजस्थान पर्यटन द्वारा संयुक्त रूप से किया जा रहा है।
- इस अवसर पर राजस्थान फिल्म टूरिज्म प्रमोशन पॉलिसी 2022 का विमोचन किया गया और यूनेस्को के साथ इंटैंजबल कल्चरल हेरिटेज के लिये किये गए एमओयू से संबंधित बुकलेट जारी की गई।
- डॉ. बी.डी. कल्ला ने कहा कि पर्यटन को बढ़ावा देना राज्य सरकार की उच्च प्राथमिकता है, इसलिये पर्यटन क्षेत्र के अनुकूल बजट घोषित किया गया था। राज्य सरकार की पर्यटन संबंधी दूरदर्शी नीतियाँ, नवाचार प्रदेश को एक पसंदीदा पर्यटन स्थल के रूप में बढ़ावा देने में लाभदायी होंगे।
- मुख्य सचिव ऊषा शर्मा ने कहा कि इतिहास में पहली बार पर्यटन विकास कोष में 1000 करोड़ रुपए का बजट आवंटित किया गया है। इसमें से 600 करोड़ रुपए इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट और 400 करोड़ रुपए मार्केटिंग व ब्रांडिंग के लिये खर्च किये जाएंगे।
- पर्यटन विभाग की प्रमुख शासन सचिव गायत्री राठौड़ ने कहा कि राजस्थान फिल्म पर्यटन प्रोत्साहन नीति का उद्देश्य राजस्थान को सबसे बड़े फिल्म-फ्रेंडली राज्य और फिल्म शूटिंग के लिये गंतव्य के रूप में स्थापित करना है। साथ ही प्रदेश को सबसे पसंदीदा फिल्म पर्यटन स्थल बनाना है।
- यह नीति राज्य की कला और संस्कृति को बढ़ावा देने, उच्च गुणवत्ता वाली राजस्थानी भाषा की फिल्मों के निर्माण को प्रोत्साहित और राज्य में फिल्म उद्योग से संबंधित रोज़गार के अवसर सृजित करने में सहायक होगी।
- एफएचटीआर के अध्यक्ष अपूर्व कुमार ने कहा कि पब्लिक-प्राइवेट पार्टनरशिप उद्योग को पुनर्जीवित करने का तरीका है। राजस्थान डोमेस्टकि ट्रैवल मार्ट 2022 संबंधित ट्रैवल पार्टनर्स के लिये बातचीत और व्यापार सृजन हेतु एक सामान्य मंच के रूप में काम करने के लिये उपयुक्त होगा।
- गौरतलब है कि राजस्थान अपनी समृद्ध संस्कृति, ऐतिहासिक विरासत, किले, महलों, कला और संस्कृति, वन्य जीवन, मेलों और त्योहारों, एडवेंचर, शादी, फिल्म शूट स्थलों के लिये देश-दुनिया में जाना जाता है।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/rajasthan-domestic-travel-mart-2022-2